Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems of health workers employed under NRHM in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): माननीय अध्यक्ष जी, झारखंड प्रदेश के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, एनआरएचएम के तहत वर्ष 2006-07 में लगभग 1000 की आबादी पर एक सहिया का चयन किया गया था तथा 15-20 सहिया पर एक सहिया साथी का चयन हुआ था। राज्य भर में ऐसे सहिया, सहिया साथी एवं बीटीटी की संख्या लगभग 25,000 है। इनका मुख्य कार्य अपने क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनों तक पहुंचाने का है जिसमें ये लोग निरंतर लगे रहते हैं। ये लोग शिशु टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, एनएसबी महिला बंध्याकरण, मलेरिया, फाइलेरिया, पल्स पोलियो, टीबी एवं कुष्ठ रोगियों हेतु 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। इनके प्रयास से राज्यभर में मातृ एवं शिशु मृत्युदर में काफी गिरावट आयी है। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाए एवं इस कार्य में निरंतर लगे रहने के बावजूद सरकार की ओर से मात्र 1000 रुपए मासिक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है जो कि काफी कम है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इनको कम से कम 15,000 रुपए मासिक दिए जाएं। इनको ड्रैस कोड मिले और इनके लिए छुट्टी का भी प्रावधान किया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. कुलमणि सामल को श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।